दिनांक: 07-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान, सहारनपुर पुलिस द्वारा बाद मुठभेड 03 शातिर अन्तर्राजीय वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 05 मोटरसाईकिल, 01 तमंचा, 01 कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू बरामद ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपद मे अपराध की रोकथाम हेतु हो रही सघन चैकिंग व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नकुड/गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07.09.2023 को थाना प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश छिदबना रजवाहा नहर पटरी से चोरी की मोटर साईकिल लेकर आ रहे हैं तथा जिनके पास नाजायज अस्लाह भी है, सूचना पर थाना प्रभारी रामपुर मनिहारान के कुशल नेतृत्व मे गठित टीम व0उ0निरी0 श्री कपिल देव, उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार, उ0नि0 श्री अमित नागर, हे0का0 968 अरविन्द धामा, हे0का0 1111 प्रवेन्द्र व का0 984 आशीष द्वारा मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस टीम छिदबना नहर पटरी पर चैकिंग के हेतु पहुँची तो सामने से आ रहे 02 बदमाशो द्वारा पुलिस पार्टी पर स्वयं को घिरा देख जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिससे पुलिस पार्टी बाल बाल बची। पुलिस टीम द्वारा निडरता पूर्वक बदमाशो का सामना किया गया व बिना जान की परवाह किये 02 बदमाशो को मौके से गिरफ्तार किया गया। बदमाशो की पहचान **1. अखिल पुत्र बिन्दु उर्फ राजकमल नि0 भट्टपुरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर, 2. सलमान पुत्र जुल्ला उर्फ जुलफान नि0 ग्राम दलहेडी थाना बडगांव जिला सहारनपुर** के रूप मे हुई, जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाकिल बरामद हुई। पूछताछ करने पर अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि हमने 03 अन्य मोटरसाईकिल जंगल मे छुपा रखी हैं, अभियुक्तगण की निशादेही पर जगंल छिदवाना से चोरी की 03 अन्य मोटसाईकिल भी बरामद की गई। अन्य जानकारी करने पर अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि 01 अन्य मोटरसाईकिल हमारे साथी **आर्यन पुत्र प्रमोद नि0 लक्ष्मी टाउन कालोनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर** के पास है, अभियुक्त आर्यन उपोरक्त को भी चोरी की 01 अन्य मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। घटना के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 275/23 धारा 307/413/414/34 भादवि व 3/25/27 व 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

अभियुक्त अखिल, सलमान व आर्यन उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि हम तीनो तथा हमारा साथी वसीम पुत्र फारूख नि0 दल्हेडी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर मिलकर हिमाचल प्रदेश, अम्बाला, शामली, यमुनानगर हरियाणा आदि से चोरी करके लाते है तथा घूम फिरकर सहारनपुर व अन्य जनपद के लोगो को कम दामो पर बेच कर पैसे कमाते है। आज भी हम लोग चोरी की मोटर साइकिलो को बेचने के लिए जा रहे थे। जब पुलिस ने हमे पकडना चाहा

तो हमने उन पर अपने साथ लिए तमंचे से जान से मारने के इरादे से फायर कर दिया था, ताकि पकडे न जाये। जो मो0सा0 हमसे बरामद हुई है ये सभी हम लोगो ने चोरी कर रखी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त गण के नाम व पताः-**

1. अखिल पुत्र बिन्दु उर्फ राजकमल नि0 भट्टपुरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर,
2. सलमान पुत्र जुल्ला उर्फ जुलफान नि0 ग्राम दलहेडी थाना बडगांव जिला सहारनपुर
3. आर्यन पुत्र प्रमोद नि0 लक्ष्मी टाउन कालोनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 तमंचा व 01 कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर
- 01 चाकू नाजायज
- मोटर साईकिल HP 18C 3107 हीरो स्पलैण्डर पास चेसिस नं0 MBLHAW110MBLB1358 इंजन नं0 HA11EVMHL4602
- मोटर साइकिल UP 12U 8944 टीवीएस स्पोर्ट रंग काला लाल चेसिसं नं0 MD625MF58A3B21455 इंजन नं0 CF5BA1397230
- मोटर साइकिल HR54C6177 पैशन परो रंग काला चैसिसं नं0 MBLHA10BSFBH00507 इंजन नं0 HA10EBFGH00978
- मोटर साइकिल बिना नं0 रंग काला चेसिस नं0 04D16 व इंजन नं0 04D15M07519
- मोटर साइकिल HP18A5734 हीरो स्पलैंडर रंग सिलवर चैसिस नं0 MBLHA10BWGHG70422 इंजन नं0 HA10EWGHG90478

**आपराधिक इतिहासः-**

**अखिल पुत्र बिन्दु उर्फ राजकमल नि0 भट्टपुरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर**

1. मु0अ0सं0 72/23 धारा 393 भादवि थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 75/23 धारा 3/6/25/28 शस्त्र अधि0 थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**सलमान पुत्र जुल्ला उर्फ जुलफान नि0 ग्राम दलहेडी थाना बडगांव जिला सहारनपुर**

1. मु0अ0सं0 149/23 धारा 307/504/506 भादवि व 3(1)(द)(ध) व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना बडगांव जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

1. व0उ0नि0 कपिल देव थाना रामपुर मनि0 स0पुर
2. उ0नि0 अरविन्द कुमार थाना रामपुर मनि0 स0पुर
3. उ0नि0 अमित नागर थाना रामपुर मनि0 स0पुर
4. हे0का0 968 अरविन्द धामा थाना रामपुर मनि0 स0पुर
5. हे0का0 1111 प्रवेन्द्र थाना रामपुर मनि0 स0पुर
6. का0 984 आशीष तोमर थाना रामपुर मनि0 स0पुर

दिनांकः 07-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगांव, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित बाल अपचारी को लिया गया पुलिस हिरासत मे।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव थाना बडगाँव के नेतृत्व में थाना बडगाँव सहारनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना बडगां पर पंजीकृत मु0अ0स0 176/23 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित 01 बाल अपचारी को विशाल होटल देहरादून से पुलिस हिरासत मे लिया गया व अपर्हता/पीडिता को भी सकुशल बरामद किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**हिरासत मे लेने वाली पुलिस पार्टी का नामः-**

1. प्र0नि0 श्री विशाल श्रीवास्तव थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 सौरव कुमार थाना बडगाँव सहारनपुर
3. है0का0 269 भगत सिंह थाना बडगाँव सहारनपुर
4. म0का0 748 कंचन थाना बडगाँव सहारनपुर

दिनांक: 07/09/2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

**थाना सदर बाजार, सहारनपुर पुलिस द्वारा फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 पिस्टल व मोटरसाकिल बरामद।**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 पिस्टल देशी .32 बोर व 01 खोखा कारतूस 0.32 वोर**
- **घटना में प्रयुक्त 01 स्पेलण्डर बाइक विना नम्बर प्लेट**

अवगत कराना है कि दिनांक 07.9.2023 को वादी श्री निपुण मिश्रा पुत्र गौरव मिश्रा नि. 678 न्यू आवास विकास ,थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर बाबत मोटर साइकिल सवार ज्ञात व्यक्ति आदित्य पुत्र नामालूम व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा राजीव गांधी पार्क मिशन कम्पाउण्ड चौकी क्षेत्र चन्द्रनगर पर वादी के ऊपर जान से मारने की नीयत फायर करने के सम्बन्ध में थाना उपस्थित आकर लिखित तहरीर दी, वादी की लिखित तहरीर पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 389/23 धारा 307 भादवि पंजीकृत कराया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए लूट के सफल अनवारण व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू निर्देश दिये गये** । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र सिंह के कुशल नेत्तृव में गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.आदित्य पुत्र राजेश नि. टैगोर स्कूल के पास मौ0 खलासी लाइन थाना सदर बाजर स0पुर 2.सुशान्त पुत्र रवि किशन नि. खलासी लाइन थाना सदर बाजार स0पुर व 3. कन्हैया पुत्र कैलाशचन्द नि. गोपाल मन्दिर के पास मौ0 खलासी लाइन थाना सदर बाजार स0पुर को दि. 07 -09-2023 को आरपीएफ बैरिक के पास से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है.।

तीनो अभियुक्तगण से पूछताछ पर आदित्य मे बताया कि अब से करीब तीन माह पहले मेरी व सुशान्त की निपुण से लडाई हो गयी थी तो तभी से निपुण से हमारी रजिंश चली आ रही है। बीती रात को हमें पता चला कि राजीव गांधी पार्क में निपुण मिश्रा अकेला बैठा है। हम तीनों उसे मारने का प्लान वनाकर मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे तथा पार्क में बैठै निपुण पर पिस्टल से फायर किये, तभी पार्क में मौजूद लोंगों द्वारा शोर मचाने व भगदड मचने पर हम तीनों मोटर साइकिल लेकर वहाँ से भाग गये तथा रात भर पुलिस के डर से घर नहीं गये। अब सुबह होने पर अपेन घर जा रहे थे कि पुलिस ने हमे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पताः-**

1.आदित्य खन्ना पुत्र राजेश नि. टैगोर स्कूल के पास मौ0 खलासी लाइन थाना सदर बाजर स0पुर

2.सुशान्त पुत्र रवि किशन नि. खलासी लाइन थाना सदर बाजार स0पुर

3. कन्हैया पुत्र कैलाशचन्द नि. गोपाल मन्दिर के पास मौ0 खलासी लाइन थाना सदर बाजार स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री सतेन्द्र शर्मा सदर बाजार जनपद सहारनपुर।
2. है00 703 निर्मल थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 261 अजीत थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 574 अश्वनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
5. का0 2051 प्रायस थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

दिनांक: 07-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 मनचले के किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिलाओ की सुरक्षा हेतु ऑपरेशन मिशन शक्ति के तहत चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व मे थाना कुतुबशेर पर तैनात **एन्टी रोमियो पुलिस टीम** द्वारा आज दिनांक 07.09.2023 को राह चलती महिलाओ पर अश्लील व अशोभनीय टिप्पणी करने वाले एक अपराधी **मौहम्मद आमिर पुत्र मशरुर उर्फ पप्पू निवासी मौहल्ला चवरबरदारान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** को चौकी क्षेत्र चौक से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मौहम्मद आमिर उपरोक्त के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0स0 257/23 धारा 294 भादवि पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है।

**<u>गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पताः-</u>**

मौहम्मद आमिर पुत्र मशरुर उर्फ पप्पू निवासी मौहल्ला चवरबरदारान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. म0उ0नि0 नीतू सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 846 जितेन्द्र थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. म0का0 1071 मोन्टी तोमर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
5. म0का0 146 रेशू थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 07-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थ बिक्री एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण एवं **थाना प्रभारी बेहट श्री योगेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में** दिनांक 07.09.2023 को थाना बेहट पुलिस द्वारा अभियुक्त **अरशद पुत्र अताउर्रहमान निवासी ग्राम लोदीपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई बरामदगी के आधार पर थाना बेहट पर मु0अ0स0-400/2023 धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया कि मै कक्षा 08 तक पढा हूँ तथा मजदूरी करता हूँ मेरे 04 बच्चे है मुझे नशा करने की आदत है। मजदूरी से हमारे नशे की लत व परिवार का गुजारा नही हो पाता है इसलिए बाहर से सस्ते दामो मे स्मैक लाकर आस पास अधिक पैसो मे बैच देता हू जिससे मेरे परिवार का गुजारा होता है तथा स्मैक भी पीने को मिल जाती है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1.अरशद पुत्र अताउर्रहमान नि0 ग्राम लोदीपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश शर्मा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।
2.उ0नि0 श्री मौ0 कामिल थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 507 गौरव राणा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 1045 कमल किशोर थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- ग्राम अवैध स्मैक 10

**गिरफ्तार अभियुक्त काआपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 478/18 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट

दिनांक: 07-09-2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर पुलिस द्वारा घर मे चोरी करने वाली 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किए गये 28000/- रुपये व 01 चैन पीली धातु बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 03.09.23 को वादी शफाकत अली पुत्र स्व0 श्री सखावत अली निवासी गली न0 01 ज्वालानगर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर ने थाना कोतवाली नगर पर बाबत फरहीन पुत्री अख्तर चौधरी C/O शफाकत अली निवासी गली न0 01 ज्वालानगर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर द्वारा वादी के घर से ढाई-तीन लाख रूपये नगद, वादी की माता की सोने की चैन व हाथ के चार कंगन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दिनांक 03.09.23 को मु0अ0स0 163/23 धारा 381 भादवि बनाम फरहीन पंजीकृत कराया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिए गये जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आरोपी/अभियुक्ता की लोकेशन इन्दौर आने पर थाना स्थानीय पर गठित टीम उ0नि0 श्री अवशेष भाटी, है0का0 413 नवनीत कुमार, का0 1065 अनुजपाल व म0का0 954 रेखा सिंह के रवाना होकर नामित आरोपी/अभियुक्ता फरहीन पुत्री उपरोक्त की तलाश मे मौ0 टाल थाना अम्बेडकर नगर (महु) जिला इन्दौर मध्यप्रदेश पहुँचे। थाना अम्बेडकर नगर/महु से मौ0 टाल से अभियुक्ता **फरहीन पुत्री अख्तर चौधरी C/O शफाकत अली निवासी गली न0 01 ज्वालानगर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर** को चोरी किए गये सामान 28000/- रूपये व एक चैन पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता को बाद मैडिकल ट्रांजिट रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय न्यायिक मजिट्रेट प्रथम श्रेणी डा0 अम्बेडकर नगर जिला इन्दौर मध्य प्रदेश के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सुनवाई कर दिनांक 05.09.23 से दिनांक 07.09.23 की शाम 17.00 बजे तक दो दिवस का ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत किया गया। उ0नि0 अवशेष भाटी मय टीम मय अभियुक्ता के दिनांक 06.09.23 को थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर वापस आये। आज दिनांक 07.09.23 को आरोपी/अभियुक्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्ता फरहीन ने बताया कि मैं कक्षा 8वीं तक पढी लिखी हूँ मै शफाकत अली के घर पर नौकरानी का कार्य करती थी मुझसे पहले मेरी माँ भी यही कार्य करती थी इसलिए ये लोग मुझपर पूरा विश्वास करते थे इसी का फायदा उठाकर मैने मौका पाकर घर से रुपये एवं जेवर चोरी कर लिए तथा अपने एक जानकार के पास इन्दौर चली गयी थी जिसे मैने चोरी करने के सम्बन्ध में कुछ नही बताया था।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पताः-**

फरहीन पुत्री अख्तर चौधरी C/O शफाकत अली निवासी गली न0 01  ज्वालानगर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर उम्र 22 वर्ष

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

- 28000/- रूपये नकद
- 01 चैन पीली धातु

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. उअवशेष भाटी थाना 0नि0 कोनगर सहारनपुर0 ।
2. हैनगर सहारनपुर0नवनीत कुमार थाना को 413 0का0 ।
3. कानगर सहारनपुर0अनुजपाल थाना को 1065 0 ।
4. मनगर सहारनपुर0रेखा सिंह  थाना को 954 0का0 ।